85

बाग में

मत्ती 26:30, 36-46; मरकुस 14:26, 32-42; लूका 22:39-46; यूहन्ना 18:1, 4, 11, एक निकट दृष्टि

छुटकारे की कहानी में बागों की छाया दूर तक है: हमें अदन अर्थात पाप का बाग (उत्पत्ति 2:8, 17; 3); गतसमनी, अर्थात पीड़ा का बाग (यूहन्ना 18:1; मत्ती 26:36); अनाम बाग, जहां यीशु को दफ़नाया गया था और वह जी उठा था, आशा का बाग (यूहन्ना 19:41, 42; 20); स्वर्गलोक[1] अर्थात प्रतिफल का बाग (देखें प्रकाशितवाक्य 2:7) मिलते हैं। यह प्रवचन इनमें से दूसरे अर्थात गतसमनी बाग पर है।

गतसमनी में यीशु के बारे में पढ़ते हुए, यह प्रभाव पाया जाता है कि हम अपने जूते उतार दें, क्योंकि जिस भूमि पर हम खड़े हैं, वह पवित्र है (देखें निर्गमन 3:5)। डी. डब्ल्यू. फोर्ड ने मेरी भावनाएं व्यक्त की हैं:

> मुझे नहीं लगता कि मैं ही [यह प्रवचन सुनाने वाला] हूं। मुझे नहीं लगता कि मुझ में सुसमाचार की पुस्तकों के इस सबसे अधिक प्रभावित करने वाले दृश्य को चित्रित करने की मौखिक कुशलता, आत्मिक संवेदना या धर्मशास्त्रीय समझ है।... पर मैं कर क्या सकता हूं? कहीं और नहीं, यहीं पर हम मनुष्य यीशु के सबसे अधिक निकट आ सकते हैं। गतसमनी से निकलकर मैं यीशु को जो वह था, दिखा नहीं पाऊंगा।[2]

यीशु को बाग में देखने पर, हमें उसका एक ऐसा पहलू दिखाई देता है जो सुसमाचार की पुस्तकों में कहीं नहीं मिलता और वह पहलू उसके मनुष्यत्व की कोमलता है।[3] वह पूर्णतया परमेश्वर था, पर वह पूर्णतया मनुष्य भी था। उसके देह धारण करने के बारे में हम अधिक नहीं समझ सकते; परन्तु समय-समय पर मसीह के परमेश्वर होने और उसके मनुष्य होने के बीच में तनाव अवश्य रहा होगा। वह तनाव गतसमनी के बाग से बढ़कर और कहीं दिखाई नहीं देता। जब प्रभु ने अपने चेलों को बताया कि "आत्मा तो तैयार है, परन्तु *शरीर* दुर्बल है" (मत्ती 26:41), तो वह केवल उनकी बात नहीं कर रहा था, वह अपनी भी बात कर रहा था।

पौलुस ने लिखा है कि स्वर्ग से आकर मसीह ने "अपने आप को ऐसा शून्य कर दिया,

और ... *मनुष्य की समानता में* हो गया'' (फिलिप्पियों 2:7)। इब्रानियों की पत्री के लेखक ने कहा है कि यीशु के लिए आवश्यक था कि वह ''*सब बातों में अपने भाइयों के समान* बने; जिससे वह उन बातों में, जो परमेश्वर से सम्बन्ध रखती हैं, एक दयालु और विश्वासयोग्य महायाजक बने ताकि लोगों के पापों के लिए प्रायश्चित करे'' (इब्रानियों 2:17)। लेखक ने मसीह को अपने दुखों में ''अपने भाइयों के समान'' बनने से जोड़ा। ''उसने परीक्षा की दशा में *दुख उठाया*''; वह ''सब बातों में *हमारे समान* परखा गया'' (इब्रानियों 2:18; 4:15)। शरीर में यीशु के कष्ट न केवल क्रूस पर उसकी मृत्यु थे (1 पतरस 3:18), बल्कि बाग में उसका कष्ट सहना भी था। ''*उसने अपनी देह में रहने के दिनों में* ऊंचे शब्द से पुकार-पुकारकर और आंसू बहा-बहाकर उससे जो उस को मृत्यु से बचा सकता था, प्रार्थनाएं और विनती की'' (इब्रानियों 5:7)।

मैं मानता हूं कि पृथ्वी पर रहते हुए यीशु की सबसे बड़ी लड़ाई बाग में ही हुई थी। जंगल में मसीह ने शैतान से लड़ाई की थी (मत्ती 4:1-11); बाग में वह अपने आप से, अपने मनुष्य होने से लड़ा। मैं मानता हूं कि जे. डब्ल्यू. मैक्गर्वे सही था, जब उसने कहा कि ''बाग में यीशु के प्रवेश से लेकर क्रूस पर उसके मरने तक उसमें का मनुष्य प्रभावी था; और 'मनुष्य की समानता में होने के कारण' उसने इन सब परीक्षाओं का सामना एक सम्पूर्ण मनुष्य के रूप में किया।''[4] परन्तु हमें यह समझना आवश्यक है कि हम रहस्य के ऐसे क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं, जहां हठधर्मिता नहीं, आश्चर्य और भय दिया जाता है।[5]

युद्ध का अखाड़ा

बाग में प्रवेश करने पर[6] मुझे यह कहते हुए आरम्भ करना चाहिए कि यह झगड़े का अखाड़ा था। यहां प्रभु ने अपनी सबसे *बड़ी* नहीं तो, सबसे बड़ी लड़ाइयों में से एक लड़ाई लड़ी।

निराशा का स्थान

यीशु के लिए, गतसमनी निराशा का पहला और मुख्य स्थान था। इस सच्चाई के महत्व के कारण, हम दूसरी बातों से अधिक इसी पर समय लगाएंगे।[7]

मत्ती 26:36 में हम पढ़ते हैं, ''तब यीशु अपने चेलों के साथ गतसमनी नामक एक स्थान में आया।'' ''गतसमनी'' का अर्थ है ''कोल्हू।'' इस अवसर के लिए यह नाम उपयुक्त है, क्योंकि यहीं पर आने वाली घटनाओं के कारण वह *पिसा हुआ* था। जब क्रूस की परछाईं के भय ने उसे *पीस* डाला था।

सुसमाचार की पुस्तकों के लेखकों ने प्रभु की पीड़ा को स्पष्ट शब्दों में लिखा है: मत्ती ने कहा है कि वह ''उदास और व्याकुल होने लगा'' (मत्ती 26:37); मरकुस ने लिखा है कि वह ''बहुत ही अधीर और व्याकुल होने लगा'' (मरकुस 14:33)। यीशु ने अपने चेलों को बताया, ''मेरा जी बहुत उदास है, यहां तक कि मेरे प्राण निकलना चाहते हैं'' (मत्ती 26:38)। ''प्राण निकलना चाहते हैं'' वाक्यांश गुलगुता की पीड़ा ही नहीं, गतसमनी

की व्यथा भी थी।

अपने चेलों को छोड़ने के बाद, मसीह भूमि पर गिरकर प्रार्थना करने लगा: ''हे मेरे पिता, यदि हो सके, तो यह कटोरा मुझ से टल जाए''[8] (मत्ती 26:39)। ''कटोरा'' उसकी प्रतीक्षा कर रहे हर शारीरिक, भावनात्मक तथा आत्मिक कष्ट को कहा गया था।[9] इब्रानियों की पुस्तक के लेखक ने कहा है कि ''उसने ... पुकार-पुकारकर, और आंसू बहा-बहाकर ... प्रार्थनाएं और विनती की'' (इब्रानियों 5:7)।

लूका ने इस दृश्य को इस प्रकार लिखा है: ''और वह अत्यन्त संकट में व्याकुल होकर और भी हृदय वेदना से प्रार्थना करने लगा और उसका पसीना मानो लोहू की बड़ी-बड़ी बून्दों की नाईं भूमि पर गिर रहा था'' (लूका 22:44)। क्योंकि फसह का पर्व बसंत ऋतु के आरम्भ में आता है, इसलिए रात को हवा ठण्डी होगी (देखें यूहन्ना 18:18)। इस मौसम में पसीना आना स्वाभाविक नहीं था। प्रभु के चेहरे से पसीना गिरना बाहरी तापमान के कारण नहीं, बल्कि अंदरूनी अशांति के कारण था।

टीकाकार ''लहू की बूंदों की नाईं'' वाक्यांश पर हैरान होते हैं। चिकित्सकीय स्थिति में, बहुत अधिक दबाव में ऐसा बहुत कम होता है, जब माथे के रक्तस्राव की सूक्ष्म नाड़ियां पसीने की ग्रंथियों में चली जाती हैं, जिससे त्वचा से लहू जैसा तरल पदार्थ निकलता है।[10] यह सम्भव है कि वैद्य लूका ने प्रभु के मन के संघर्ष की गहराई को रेखांकित करने के लिए ऐसी स्थिति बताई। यह भी हो सकता है कि ज़ोर ''नाईं'' शब्द पर हो: जैसे गहरे घाव से लहू बहता है, वैसे ही यीशु के चेहरे से पसीना भूमि पर गिर रहा था।

कुछ लेखकों को बाग में मसीह की व्यथा को उसकी आने वाली मृत्यु के सम्बन्ध में पिछली शांति से मिलाना कठिन लगता है। वे कहते हैं ''वह अक्सर मरने की बात करता था,[11] जिसमें उसका कोई स्पष्ट विरोध नहीं होता था।'' व्यक्तिगत रूप से मुझे अलग लगने वाली इस घटना से कोई परेशानी नहीं है। पहली बात तो यह कि हम नहीं बता सकते कि यीशु अपनी पहली घोषणाएं करने के समय क्या और किस अर्थ में कहना चाहता था; उसके स्वर तथा चेहरे से उसकी भावनाओं का पता चल गया होगा, जिसका लिखित वचन से संकेत नहीं मिल सकता।[12] दूसरी बात, क्योंकि मेरा मानना है कि यीशु ''अपने शरीर में'' अपनी मृत्यु के निकट आ गया, इसलिए मैं उस घटना के निकट आने पर उसकी भावना को समझ सकता हूं।

उदाहरण के लिए, कई बार मैं उस समय के बारे में सोचता हूं, जब मेरा ऑपरेशन हुआ था। ऑपरेशन से कई सप्ताह पहले, मैं शांत और विवेकपूर्ण ढंग से आने वाली घटना के बारे में बता सकता हूं। अस्पताल में जाने के लिए वह क्षण निकट आने पर, मेरी शांति भंग होने लगती थी। यीशु की बात का मेरे लिए नया अर्थ मिलता है: ''आत्मा तो तैयार है, पर शरीर निर्बल है''! मुझे डॉक्टर से यह कहते हुए कल्पना करना कठिन नहीं लगता, ''क्या आपको *सचमुच* लगता है कि इसके बिना कोई चारा नहीं है? इस समस्या को हम *किसी और ढंग से* भी तो दूर कर सकते हैं!''

हमने पहले ही देखा है कि यीशु की प्रार्थना में ''कटोरा'' उसकी शारीरिक, भावनात्मक

और आत्मिक कष्ट को कहा गया था। उस पर आने वाले कष्ट के हर पहलू पर विचार करें। पहले शारीरिक कष्ट आना था: तीस के लगभग आयु वाले जवान व्यक्ति के लिए मृत्यु कोई सुखद शब्द नहीं होगा। उस उम्र में जब अधिकतर लोग अपनी जीवन यात्रा आरम्भ करते हैं, वह अपनी यात्रा खत्म कर रहा था।[13] इससे भी महत्वपूर्ण मृत्यु की *किस्म* थी, जो उसने सहनी थी: क्रूस को मनुष्य द्वारा बनाए गए उत्पीड़न का सबसे क्रूर ढंग कहा जाता है। जॉन गिप्सन ने लिखा है,

> उसने अपनी पीठ पर कोड़े, माथे पर जड़े गए कांटों के मुकुट के कारण चेहरे से टपकता हुआ लहू, सिपाहियों द्वारा हाथों और पांवों में कील ठोकने से छलनी हुआ शरीर महसूस करना था, जो धीरे-धीरे परन्तु प्रताड़ित मृत्यु थी।[14]

मसीह ने भावनात्मक रूप से भी कष्ट सहना था। गिप्सन ने आगे कहा,

> उसे अपने शत्रुओं के अपमान, अपने मित्रों द्वारा छोड़कर जाने, और उन लोगों की कृतघ्नता जिनके लिए उसने परिश्रम किया और जिसको उसने लाभ दिया, के लिए कहा जाता था। उसने यहूदी अगुओं की शत्रुता, यहूदा के विश्वासघात, लोगों की चंचलता, तथा धार्मिक और सरकारी अधिकारियों के ठट्ठे का सामना करना था।[15]

यीशु के भावनात्मक कष्ट के साथ क्रूस की लज्जा भी जुड़ी हुई थी। क्रूस पर ''दासों, विदेशियों, क्रांतिकारियों और जघन्य अपराधियों को ... चढ़ाया जाता था।''[16] इब्रानियों 12:2 कहता है कि मसीह ने ''लज्जा की कुछ चिन्ता न करके, क्रूस पर दुख सहा।'' पौलुस ने कहा कि यीशु ''हमारे लिए श्रापित बना; ... क्योंकि लिखा है, जो कोई काठ पर लटकाया जाता है, वह श्रापित है'' (गलातियों 3:13)।

परन्तु यीशु की सबसे बड़ी पीड़ा शारीरिक या भावनात्मक नहीं, बल्कि आत्मिक थी। यहां से हमें सावधानी से आगे बढ़ना होगा, क्योंकि जैसा कि डॉनल्ड मिलर ने कहा है, ''हम अपने छुटकारे के रहस्य की अथाह गहराइयों में जा रहे हैं।''[17] हम क्रूस पर मसीह की आत्मिक व्यथा की बात कर सकते हैं, पर इसे पूरी तरह से समझ नहीं सकते। हम केवल इतना कर सकते हैं कि पवित्र शास्त्र की बात पर ज़ोर दें: जब यीशु क्रूस पर था, तो उसने दोष अपने ऊपर लेकर हमारे पापों का दण्ड उठा लिया (यशायाह 53:6; 2 कुरिन्थियों 5:21; 1 पतरस 2:24)। पाप हमें परमेश्वर से अलग करता है (यशायाह 59:1, 2), और अन्ततः पाप का दण्ड ''प्रभु के साम्हने से और उसकी शक्ति के तेज से दूर'' करना आवश्यक है (2 थिस्सलुनीकियों 1:9; देखें आयतें 7-9)। जब यीशु ने हमारा दोष अपने ऊपर ले लिया, तो पिता के पास उससे मुंह छिपाने के अलावा और कोई चारा नहीं था (देखें मत्ती 27:46)।

इस शारीरिक, भावनात्मक और आत्मिक पीड़ा का परमेश्वर के पाप रहित पुत्र को क्या दाम चुकाना पड़ा, इसकी मैं और आप कभी कल्पना नहीं कर सकते। संसार को जीवन

दिलाने के लिए आवश्यक था कि वह मरता। संसार को रोशनी दिलाने के लिए आवश्यक था कि वह अंधकार की गहराई में डाला जाता।

कुछ लेखकों का विचार है कि यीशु को बाग में और साहस दिखाना चाहिए था। उनका कहना है कि ''दूसरे लोगों ने बड़ी शांति से मृत्यु का सामना किया है।'' कम से कम दो टिप्पणियां सही हैं: (1) असली साहस डर की कमी से नहीं दिखाया जाता, बल्कि बहुत डर होने के बावजूद जो सही है, वह करके दिखाया जाता है। (2) यद्यपि बहुतों ने पीड़ा और मृत्यु का सामना किया है, पर कभी किसी ने वह महाकष्ट नहीं झेला, जो प्रभु ने सहा। *गिनीज़ बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स*[18] में ''अब तक सहा जाने वाला सबसे बड़ा कष्ट'' के लिए नाम दिए जाएं तो इसके साथ केवल क्रूस का चित्र ही होगा।

क्या आपने कभी अपने आप को ''निराशा की जगह'' में पाया है? प्रभु था और उसे इसकी समझ है (इब्रानियों 4:15)।

निराशा की जगह

गतसमनी यीशु के लिए कष्ट का ही स्थान नहीं था। यह उसके लिए निराशा का भी स्थान था।

आम तौर पर यीशु अकेले में ही देर तक प्रार्थनाएं करता था (देखें मरकुस 1:35; मत्ती 14:23)। परन्तु इस अवसर पर उसे संगति की आवश्यकता महसूस हुई। (ऑपरेशन के मेरे उदाहरण में वापस चलते हैं: मैं चाहता था कि मेरे ऑपरेशन के समय मेरे प्रिय लोग मेरे निकट रहें।[19] आप समझ रहे होंगे कि मैं क्या कहना चाहता हूं।) बाग में जाते समय मसीह ''पतरस और याकूब और यूहन्ना को अपने साथ ले गया'' (मरकुस 14:33)। उसने उनसे कहा, ''तुम यहीं ठहरो, और मेरे साथ जागते रहो'' (मत्ती 26:38ख)। उन्होंने क्या किया? वे सो गए। हां, मैं जानता हूं कि वे थके हुए थे, शारीरिक और भावनात्मक रूप से-परन्तु (मरकुस 14:37 के यीशु के शब्दों को लें) क्या वे उसके साथ एक घण्टा भी नहीं जाग सकते थे?

बाग में मसीह की निराशा बढ़ती जा रही थी: उसने इन बारहों के साथ कई वर्ष बिताए थे, पर इनमें से एक ने उसे पकड़वा दिया। उसने राज्य के आत्मिक स्वभाव के बारे में वर्षों तक बताया था, पर अभी भी पतरस को लगा जैसे यह राजनैतिक राज्य जैसा है, जिसमें भौतिक हथियारों की आवश्यकता पड़ती है। क्या आपने अपने आप को कभी निराशा की जगह पाया है? यीशु था और उसे समझ है।

परित्याग की जगह

गतसमनी का बाग परित्याग की जगह भी थी। जब मसीह ने अपने मित्रों का साथ चाहा, तो वे सो गए। अन्त में, ''सब चेले उसे छोड़कर भाग गए'' (मत्ती 26:56)।[20] क्या आपने अपने आप को कभी परित्याग की जगह पाया है? यीशु था और उसे पता है।

यहां रुककर हमारा समय अच्छा बीत सकता था। हम सबके अपने-अपने गतसमनी के बाग होते हैं। वास्तव में आप में से कुछ लोग हताशा, निराशा या परित्याग के बाग में इस समय

भी हैं। आपके लिए यह अहसास होना कितना आवश्यक है कि यीशु जानता है कि आप किन परिस्थितियों से गुज़र रहे हैं! उसे पता है और आपके साथ सहानुभूति है। ''क्योंकि वह हमारी सृष्टि जानता है और उसे स्मरण रहता है कि मनुष्य मिट्टी ही हैं'' (भजन संहिता 103:14)। वह ''हमारी निर्बलताओं में हमारे साथ दुखी'' हो सकता है, क्योंकि ''वह सब बातों में हमारी नाईं परखा तो गया, तौ भी निष्पाप निकला'' (इब्रानियों 4:15)।

विजय का क्षेत्र

परन्तु कहानी अभी खत्म नहीं हुई है। गतसमनी केवल लड़ाई का अखाड़ा ही नहीं था; यह विजय का क्षेत्र भी था। यहां प्रभु ने अपनी सबसे बड़ी विजयों में से एक प्राप्त की।

प्रार्थना की जगह

गतसमनी का नकारात्मक पहलू देखने के बाद आइए इसके सकारात्मक पहलू की ओर चलते हैं। पहले तो हमें यह ध्यान देना चाहिए कि बाग प्रार्थना का एक स्थान था। यीशु का बाग में जाने का कारण था और वह कारण प्रार्थना करना था। उसने अपने चेलों से कहा, ''यहीं बैठे रहना, जब तक कि मैं वहां जाकर प्रार्थना करूं'' (मत्ती 26:36)। मसीह अपने जीवन के बड़े मील पत्थरों से पहले और उनके बीच में प्रार्थना किया करता था; यहां उसने इसका कोई अपवाद नहीं बनाना था।

हमें समझाया गया है कि यीशु द्वारा इस्तेमाल किया गया शब्द प्रार्थना यहां पर क्यों लिया गया, जबकि सुसमाचार के वृत्तांतों में और कहीं नहीं है।[21] ''और कहा, हे अब्बा, हे पिता'' (मरकुस 14:36)। ''अब्बा'' अरामी भाषा का एक शब्द है, जिसका अर्थ है ''पिता,'' परन्तु यह बच्चे के पहली बार बोलने जैसा है। यह ''बा-बा'' या ''दा-दा'' कहने जैसा है।[22] ''अब्बा'' शब्द निकटता, भरोसे और सम्बन्ध को दर्शाता है, यानी यह पिता के साथ विशेष सम्बन्ध को दिखाता है।

न केवल यीशु ने प्रार्थना ही की, बल्कि उसने अपने चेलों को भी प्रार्थना करने के लिए कहा: ''प्रार्थना करो, कि तुम परीक्षा में न पड़ो'' (लूका 22:40)। यद्यपि वह मरने वाला था, पर उसने उन्हें अपने लिए नहीं, बल्कि उनके लिए प्रार्थना करने को कहा। उसने उनसे कहा, ''जागते रहो, और प्रार्थना करते रहो, कि तुम परीक्षा में न पड़ो: आत्मा तो तैयार है, परन्तु शरीर दुर्बल है'' (मत्ती 26:41)। वह जानता था कि उनके लिए परीक्षाएं आने वाली हैं; इसलिए यदि वे विजयी होना चाहते थे तो उन्हें प्रार्थना की आवश्यकता थी।

जब आप हताशा, निराशा या परित्याग की गतसमनी में हों, तो इसे प्रार्थना की जगह बना दें।[23] कोई समस्या इतनी बड़ी नहीं है कि परमेश्वर के निकट जाने पर उसे दूर करने में सहायता न मिले।

समर्पण की जगह

प्रार्थना का स्थान होने के अलावा गतसमनी समर्पण का स्थान भी था। (यह एक मुख्य

सच्चाई है।) यीशु ने कहा था, ''मैं अपनी इच्छा नहीं, वरन अपने भेजने वाले की इच्छा पूरी करने के लिए स्वर्ग से उतरा हूं'' (यूहन्ना 6:38; देखें इब्रानियों 10:7, 9)। अपने चेलों को उसने प्रार्थना करना सिखाया था कि ''तेरी इच्छा पूरी हो'' (मत्ती 6:10)। अब इच्छा के साथ कर्त्तव्य आ जाने पर, उसने अपनी ही कही बात पर अमल किया। ''यदि हो सके, तो यह कटोरा मुझ से टल जाए'' प्रार्थना करने के बाद, वह कह पाया था, ''तौ भी जैसा मैं चाहता हूं वैसा नहीं, परन्तु जैसा तू चाहता है, वैसा ही हो'' (मत्ती 26:39)।[24]

किसी ने कहा है कि प्रार्थना केवल याचना ही नहीं, बल्कि अपने आप को संवारना भी है।[25] जैसे-जैसे मसीह ने प्रार्थना की, वैसे-वैसे वह अपने पिता की इच्छा के और निकट आता गया। पहले उसने प्रार्थना की थी, ''यदि हो सके, तो यह कटोरा मुझ से टल जाए; तौ भी जैसा मैं चाहता हूं वैसा नहीं, परन्तु जैसा तू चाहता है, वैसा ही हो'' (मत्ती 26:39)। दूसरी बार, उसने प्रार्थना की ''यदि यह मेरे पीये बिना नहीं हट सकता तो तेरी इच्छा पूरी हो'' (मत्ती 26:42)। अन्त में प्रार्थना के तीसरे चरण के बाद, वह कह पाया कि ''... जो कटोरा पिता ने मुझे दिया है क्या मैं उसे न पीऊं?'' (यूहन्ना 18:11)। भीड़ द्वारा गिरफ्तार किए जाने पर यीशु को भागने से रस्सियों ने नहीं, परमेश्वर की इच्छा ने रोका था।

अगली बार जब आप गतसमनी में हों, तो प्रार्थना करना न भूलें। प्रार्थना करते हुए, कहें, ''जैसा मैं चाहता हूं वैसा नहीं, बल्कि जैसा तू चाहता है, वैसा ही हो'' और ऐसा ही *होने भी दें।* कोई बोझ इतना भारी नहीं है कि परमेश्वर के सामने समर्पण करने पर वह हल्का न हो सके।

सामर्थ की जगह

अन्त में मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं कि गतसमनी का बाग सामर्थ पाने का स्थान है। इब्रानियों की पुस्तक के लेखक ने कहा है कि यीशु ने ''... प्रार्थनाएं और विनती की और भक्ति के कारण *उस की सुनी गई*'' (इब्रानियों 5:7)। उसकी प्रार्थनाओं के उत्तर में, ''स्वर्ग से एक दूत उस को दिखाई दिया, जो उसे सामर्थ देता था''[26] (लूका 22:43)।

प्रार्थना खत्म करने तक, मसीह के मन की तड़प खत्म हो चुकी थी और वह अपने आगे की कठिन परीक्षा के लिए तैयार था। ''उसने वह कटोरा लेने के लिए हाथ बढ़ाया जिससे वह पीछे हट रहा था''[27] (यूहन्ना 18:11)। ''पिता के हाथ की कोई भी चीज़, चाहे वह कितनी भी कड़वी क्यों न हो, संसार के हाथ से दी गई मीठी से मीठी चीज़ से स्वादिष्ट थी।''[28]

उसने अपने चेलों से कहा, ''अब सोते रहो, और विश्राम करो: देखो, घड़ी आ पहुंची है, और मनुष्य का पुत्र पापियों के हाथ पकड़वाया जाता है। उठो, चलें'' (मत्ती 26:45ख, 46क)। उसे गिरफ्तार करने आए लोगों को उम्मीद होगी कि वह भागेगा; इसके विपरीत वह उनसे मिलने के लिए दृढ़तापूर्वक आगे बढ़ा (देखें यूहन्ना 18:4)।

तभी से, ''[भीड़] में वही अकेला शांत व्यक्ति था। सभी दृश्यों में वह शांति, धैर्य और शान से चला, जो इतिहास में चकित करने वाली बात है।''[29] वह हारा नहीं ''विजयी

था।''[30] लड़ाई के मैदान में, मसीह विजयी था।

जब आप अपने जीवन की गतसमनी में हों, तो सामर्थ के लिए प्रभु की ओर देखें। कोई चुनौती इतनी बड़ी नहीं है कि उसे दूर करने के लिए परमेश्वर आपकी सहायता न कर सके (1 कुरिन्थियों 10:13; इब्रानियों 13:5)।

सारांश

गतसमनी–इसे शब्दों में बयान करना आसान नहीं है, जो कुछ वहां हुआ, उससे सब बातें पता नहीं चलतीं। हमें पता चलता है कि यह हताशा की जगह, निराशा की जगह और परित्याग की जगह थी। इन तथ्यों से हमें पता चलता है कि यीशु जानता और समझता है कि हमें क्या–क्या सहना पड़ता है। परन्तु बाग प्रार्थना का स्थान, समर्पण का स्थान और सामर्थ का स्थान भी था। इन सच्चाइयों से हमें शिक्षा मिलती है कि विजय पाने का ढंग समर्पण वरन् परमेश्वर की इच्छा के प्रति समर्पण है। हम में से हर किसी के लिए सबसे कठिन काम परमेश्वर की इच्छा के साथ अपनी इच्छा को मिलाना है; पर यीशु ने विजय ऐसे ही पाई थी, और हम भी ऐसे ही विजय पा सकते हैं।

अपनी इच्छा सौंपने की बात करते हुए, मुझे यह पूछना आवश्यक है कि क्या आप मसीही बनने और मसीही जीवन विश्वास से बिताने में परमेश्वर की आज्ञाओं के आज्ञाकारी हैं या नहीं। क्या आपने एक पश्चात्तापी विश्वासी की तरह मसीह में बपतिस्मा (डुबकी) ले लिया है (मरकुस 16:16; प्रेरितों 2:38; गलातियों 3:26, 27)? यदि ले लिया है, तो क्या आपका जीवन वैसे ही है, जैसे प्रभु चाहता है कि आपका जीवन हो? यदि आप अभी तक प्रभु की ओर वापस नहीं आए हैं, तो आज ही आ जाएं (प्रेरितों 8:22; याकूब 5:16)।

2001 की बसंत ऋतु में, ग्रेटर ओक्लाहोमा नगर में, जिससे मैं अच्छी तरह परिचित हूं, एक विनाशकारी तूफ़ान आया। मेरी पत्नी और मैं वहीं रहते थे, और आज भी हमारा परिवार वहां है। एक समाचार देने वाले ने बताया कि एक आदमी अपने घर की ओर तूफ़ान के बढ़ने पर पुकार उठा, ''हे प्रभु, मैं अभी तैयार नहीं हूं!'' क्या *आप* उस त्रासदी के लिए तैयार हैं, जो किसी भी समय आ सकती है? यदि नहीं, तो उस दिन के बारे में अवश्य सोचें!

नोट्स

गतसमनी में यीशु पर यह एक बहुत अच्छा प्रवचन है। यह श्रृंखलाबद्ध ढंग से चार्ट, बोर्ड या पावर प्वायंट के द्वारा विजुअल प्रस्तुति में दिया जा सकता है। हार्डिंग यूनिवर्सिटी की 1988 की लैक्चरशिप में जॉन गिप्सन ने मन को छू लेने वाले एक आसान ढंग का इस्तेमाल किया था।[31] उसने तीन प्रमुख शीर्षक दिए थे: दुख, अकेलापन और समर्पण। गतसमनी की कहानी व्याख्यात्मक ढंग के लिए भी स्वाभाविक है।

टिप्पणियां

[1]''स्वर्गलोक'' यूनानी शब्द का एक लिप्यंतरण है जिसका अर्थ ''बाग,'' ''पार्क,'' या ''जंगल'' है। इसका इस्तेमाल आम तौर पर ''आनन्द का बाग'' के अर्थ के लिए किया जाता है (*द अनैलेटिकल ग्रीक लैक्सिकन* [लंदन: सैमूएल बैगस्टर एण्ड संस लिमिटेड, 1971], 302)। [2]डी. डब्ल्यू. क्लेवरले फोर्ड, *प्रीचिंग थ्रू द लाइफ़ ऑफ़ क्राइस्ट* (पीबॉडी, मैसाचुएट्स: हैंड्रिक्सन पब्लिकेशंस, 1994), 76. [3]कुछ अन्य अवसर ध्यान में आते हैं, जैसे यीशु की शारीरिक भूख का अनुभव (मत्ती 4:2; 21:18) और प्यास (यूहन्ना 4:7; 19:28); पर इसके जैसा स्पष्ट और समझ में आने वाला और कोई नहीं है। [4]जे. डब्ल्यू. मैक्गर्वे एण्ड फिलिप वाई पैंडलटन, *द फ़ोरफ़ोल्ड गॉस्पल ऑर ए हारमनी ऑफ़ द फ़ोर गॉस्पल्स* (सिंसिनटी: स्टैंडर्ड पब्लिशिंग कं., 1914), 686-87. [5]क्योंकि हम रहस्य के राज्य अर्थात यीशु के परमेश्वरत्व बनाम उसके मनुष्यत्व में प्रवेश कर रहे हैं, मैक्गर्वे की बात और मेरी बात अवश्य विवादपूर्ण है। कुछ लोग हम से सहमत होंगे; कुछ नहीं होंगे। आप इस विशेष बात पर हमारे साथ सहमत हों या न, इससे फर्क नहीं पड़ता; मैं इस विचार को आपकी अपनी सोच को उत्तेजित करने के लिए देता हूं। [6]यदि इस प्रवचन को इस पाठ से पहले सुनाया जाता है, तो थोड़ी या बिल्कुल कम जानकारी की आवश्यकता होगी। आप चाहें तो यीशु तथा चेलों के बाग में जाने के बारे में विवरणों की समीक्षा कर सकते हैं। [7]यह प्रचार करते हुए, मैं मुस्कराते हुए जोड़ सकता हूं, ''सो अपनी घड़ियां देखकर चिंतित न हों। मैं अगली बातें कम समय में बता दूंगा।'' [8]जहां तक हमें पता है, बाग में केवल यही अवसर है, जहां यीशु ने ये शब्द कहे, पर यह विचार उसके मन में पहले से था (देखें यूहन्ना 12:27, 28)। [9]''कटोरा'' पर नोट्स के लिए पृष्ठ 85 पर ''यहूदिया में निद्रारहित'' पाठ देखें। [10]इस स्थिति को हेमाटाइड्रोसिस या हिमोहाइड्रोसिस कहा जाता है (विलियम डी. एडवर्ड्स, वैसली जे. गेबल, एण्ड फ्लायड ई. होसमर, ''ऑन द फिजिकल डैथ ऑफ़ जीज़स क्राइस्ट,'' *जरनल ऑफ़ द अमेरिकन मैडिकल एसोसिएशन* (21 मार्च 1986): 1456)। मसीह के जीवन पर एक टीवी डाक्युमैंटरी (दिसम्बर 2001) में इस विषय पर चर्चा शामिल थी। एक उदाहरण द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान लंदन में रहने वाली एक युवा लड़की का दिया गया था, जब हर रात नगर पर बमबारी होती थी। प्रत्येक आक्रमण के समय, लहू उसके माथे से रिसता था।

[11]मत्ती 16:21; 17:22, 23; 20:17-19. [12]यीशु की पिछली घोषणाओं ने उसके चेलों को उदासी से भर दिया था, यद्यपि वे इसका सही-सही अर्थ नहीं समझते थे (देखें मत्ती 17:22, 23; लूका 18:31-34)। शायद जिस *ढंग* से उसने अपनी मृत्यु की बात की उससे वे *उतना* ही प्रभावित हुए। कम से कम अपनी मृत्यु के पिछले हवाले में उसके अन्दर के संघर्ष का संकेत मिला था (देखें यूहन्ना 12:27, 28)। [13]यानी वह अपने ''काम'' (सेवकाई) का पृथ्वी का चरण पूरा कर रहा था। [14]जॉन डी. गिब्सन, ''एगनी इन गतसमनी,'' *हार्डिंग यूनिवर्सिटी लैक्चर्स* (1988), 155. [15]गिप्सन, 155. [16]एडवर्ड्स, गेबल, एण्ड होसमर, 1458. क्रूसारोहण से सम्बन्धित अपमान का एक अतिरिक्त स्रोत यह तथ्य था कि क्रूस पर चढ़ाए गए लोगों के कपड़े खींच लिए गए थे; पवित्र शास्त्र में नंगेज को अक्सर लज्जा के साथ जोड़ा गया है (यशायाह 20:4; 16:15; उत्पत्ति 2:25 की तुलना 3:8, 10 से करें)। [17]डोनल्ड जी. मिलर, *लूक* लेमैन'स बाइबल कमैन्ट्री (अटलांटा: जॉन नौक्स, 1959), 155. [18]*द गिनीज़ बुक ऑफ़ रिकॉर्ड* में गतिविधियों का व्यापक रिकॉर्ड बनाने वालों की सूची छपती है। [19]कठिन समय में संगति की आवश्यकता महसूस करने पर आप व्यक्तिगत उदाहरण जोड़ सकते हैं। [20]निश्चय ही, परमेश्वर द्वारा उसे नहीं छोड़ा गया था-परन्तु इस पर प्रवचन में आगे बात करेंगे।

[21]यहूदी साहित्य में, यीशु से पहले किसी के परमेश्वर को ''हे अब्बा'' कहने का उल्लेख नहीं है। ''अब्बा'' शब्द का इस्तेमाल रोमियों 8:15 और गलातियों 4:6 में मिलता है। [22]जहां आप रहते हैं, वहां बच्चे ''पिता'' के लिए एक से अधिक शब्दों का इस्तेमाल करते होंगे। [23]कठिन समयों में प्रार्थना की आवश्यकता के बारे में इस प्रवचन में और बातें जोड़ी जा सकती हैं और जोड़ी जानी चाहिए। शायद आप ऐसे समय के बारे में बता सकें, जब प्रभु से की गई प्रार्थना बड़ी निराशा के समय में स्थिर होती है। [24]इस प्रवचन में से सुनाते हुए, मैं यीशु के अधीनता की कई बातें कहता हूं। [25]सदर्न हिल्ज चर्च ऑफ़ क्राइस्ट, अबिलेन, टैक्सस, 25

मार्च 1984 में दिए गए संदेश, रिक ऐचले, ''रीमैच इन द गार्डन'' से लिया गया। [26]परमेश्वर ने कटोरा नहीं हटाया, पर उसने यीशु को उसे सहने की सामर्थ अवश्य दी। अक्सर, जब हम परमेश्वर से प्रार्थना करते हैं, तो वह हमारी कठिनाइयों को दूर नहीं करता; इसके बजाय वह हमें उन्हें सहने की सामर्थ दे देता है। इस प्रकार वह हमें ऐसी ही कठिनाइयों का सामना करने वालों की सहायता के योग्य बनाता है (2 कुरिन्थियों 1:4)। [27]गिप्सन, 158. [28]ऐचले। [29]एच. आई. हेस्टर, *द हार्ट ऑफ़ द न्यू टैस्टामेंट* (लिबर्टी, मिज़ोरी: क्वालिटी प्रैस, 1963), 204. [30]वही।

[31]जॉन डी. गिप्सन, ''एगनी इन गथसमनी,'' *हार्डिंग यूनिवर्सिटी लैक्चर्स* (1988), 154–58.